आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– महिला उत्थान के लिए वर्तमान सरकार ने शुरू की कई योजनाएं।
- भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ कुल्लू व नाहन में किए प्रदर्शन– चुनावी गारंटियां पूरा न करने का लगाया आरोप।
- एच.पी. शिवा परियोजना के तहत प्रदेश में 6 हज़ार हैक्टेयर क्षेत्रफल को बागवानी के तहत लाने का लक्ष्य।
- प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज़– ऊपरी इलाकों में हल्के हिमपात से समूचे राज्य में ठण्ड बढ़ी।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान व कल्याण को विशेष प्राथमिकता दे रही है और पिछले 2 वर्षों में कई योजनाएं शुरू की गई है। शिमला में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आज बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ा है जो हमारे समाज की बदलती सोच को प्रतिबिंबित करता है। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि सरकार आने वाले समय में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र में गिरावट आई है जिसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाओं को सम्मानित भी किया।

<u>कृषि मंत्री</u>

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। धर्मशाला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से गेहूं 40 रूपए और मक्की 30 रूपए प्रति किलो की दर से खरीद का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की के आटे को हिमभोग ब्रांड के साथ जल्द ही बाज़ार में उतारेगी। कृषि मंत्री के अनुसार प्रदेश में 35 हज़ार हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है और इस पद्धति से एक लाख 98 हज़ार किसान जुड़े हैं।

<u>भाजपा</u>

प्रदेश कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के खिलाफ भाजपा इन दिनों विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में पार्टी ने आज कुल्लू में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आज हिमाचल प्रदेश की स्थिति पूरे देश में हास्यास्पद बन गई है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी 10 गारंटियों को पूरा नहीं कर पाई है और इस कार्यकाल में हर वर्ग परेशान है। दूसरी ओर, नाहन में प्रदर्शन के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को प्रदेश की जनता के लिए काला अध्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के साथ धोखे, अन्याय व अत्याचार का जश्न मना रही है।

बिंदल ने ये भी आरोप लगाया कि बीते दो वर्ष में प्रदेश में विभिन्न तरह के माफिया को सरकार का खुला संरक्षण मिला है। सांसद सुरेश कश्यप ने भी रैली को संबोधित किया।

त्रिलोक कपूर

इस बीच, प्रदेश भाजपा महासचिव त्रिलोक कपूर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कुप्रबंधन की मार से प्रदेश का कोई भी वर्ग अछूता नहीं है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान में कर्मचारी वर्ग सड़कों पर उतरने को मजबूर है और जनता का भी इस सरकार से मोह भंग हो गया है। त्रिलोक कपूर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठी गारंटियां देकर जनता को फंसाने में कामयाब रही है।

परियोजना

प्रदेश में कृषि व बागवानी विकास के लिए एच.पी. शिवा परियोजना के तहत 7 ज़िलों के 28 विकासखण्डों में 6 हज़ार हैक्टेयर क्षेत्रफल को बागवानी के तहत लाने का लक्ष्य है। इससे 15 हज़ार से अधिक बागवान परिवार लाभान्वित होंगे। परियोजना के तहत दिसम्बर 2028 तक एशियन विकास बैंक के संसाधनों के साथ कुल एक हज़ार 2 सौ 92 करोड़ रूपए की लागत अनुमोदित की गई है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार परियोजना के तहत भूमि तैयार करना, सोलर मिश्रित तार बाड़बंदी, ड्रिप सिंचाई प्रणाली सहित सिंचाई योजनाओं को लगाने जैसे कार्य प्रगति पर हैं।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले में कोटखाई क्षेत्र के उबादेश में आज विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें राजकीय उच्च विद्यालय कोठी के भवन का शिलान्यास और चमैन में दमकल चौकी सहित बाघी में पुलिस चौकी का लोकार्पण शामिल है। रोहित ठाकुर ने विभिन्न स्थानों पर जनसमस्याएं भी सुनीं।

क्रिकेट

राजधानी शिमला के बी.सी.एस. में आयोजित सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता राज्यपाल एकादश ने जीत ली है। विजेता टीम ने आज खेले गए फाइनल मुकाबले में चीफ जस्टिस इलेवन की टीम को 32 रनों से हराया। ये प्रतियोगिता नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतियोगिता के आयोजकों की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार भी इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाने को लेकर भी काम किया जा रहा है।

मौसम

लम्बे समय से सूखे की मार झेल रहे प्रदेश में मौसम ने करवट ली है और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात हो रहा है। दोपहर बाद से लाहौल–स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, सिरमौर, शिमला और चम्बा ज़िले के ऊपरी इलाकों में हिमपात का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में ठण्ड का दौर बढ़ गया है। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल सहित लाहौल घाटी में हो रही बर्फबारी के चलते पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है। प्रशासन ने सैलानियों और स्थानीय लोगों को सुरक्षित होकर यात्रा करने की सलाह दी है। कुल्लू ज़िला प्रशासन ने भी मौसम के अलर्ट को देखते हुए पर्यटकों व स्थानीय लोगों को ऊंचाई वाले क्षेत्रों का रूख न करने की सलाह दी है। इधर, शिमला ज़िले के पर्यटन स्थल कुफरी और नारकंडा सहित चौपाल क्षेत्र में भी हल्की बर्फबारी का क्रम जारी है। हालांकि शिमला सहित अन्य स्थानों पर दोपहर बाद से हल्के बादल छाए हुए हैं और ठण्डी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टों में लाहौल–स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

आर.एस. बाली

प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए राज्य में 8 सौ 50 संस्थान उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में विकसित किए गए हैं। कांगड़ा ज़िले के सनौरा में एक निजी विद्यालय के समारोह में उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षा विभाग में करीब 15 हज़ार पद भरने का निर्णय लिया गया है।

यूनिवर्सिटी

मण्डी सदर से भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय के भवन को एक निजी महाविद्यालय को दिए जाने के सरकार के फैसले को अनुचित बताया है। मण्डी में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा इस विश्वविद्यालय को बंद करने की लग रही है और यदि ऐसा हुआ तो भाजपा इसके खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाएगी। अनिल शर्मा ने कहा कि मण्डी ज़िले के साथ कांग्रेस सरकार लगातार सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी सोच और सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा ने कल 9 दिसम्बर को मण्डी ज़िला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

आभार

भाजपा नेता व विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश के लिए 4 केन्द्रीय विद्यालय मंजूर करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों की मंजूरी से विद्यार्थियों को उनके घरद्वार के समीप ही अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा। रणधीर शर्मा ने कहा कि इन विद्यालयों के खुलने से जहां 82 हज़ार से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा का लाभ मिलेगा वहीं 5 हज़ार से अधिक लोगों को शिक्षक सहित अन्य पदों पर रोज़गार के अवसर मिलेंगे।

## यूपीआई

भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और समान आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सफलता प्राप्त की है। भारतीय प्रबन्धन संस्थान और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के एक अध्ययन के अनुसार, यू.पी.आई. ने वंचित समूहों को औपचारिक ऋण तक पहुँचने में सक्षम बनाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यू.पी.आई. के लाभ केवल भारत तक ही सीमित नही हैं, बल्कि अन्य देशों को भी इससे लाभ मिल सकता है। अध्ययन में यह भी बताया गया है कि ऋण वृद्धि के बावजूद, डिफॉल्ट दरें नहीं बढ़ीं हैं। वर्ष 2016 में शुरू किए गए यू.पी.आई ने देश में वित्तीय लेन–देन के तौर–तरीकों को बदल दिया है। यू.पी.आई ने लगभग 30 करोड लोगों और तकरीबन 5 करोड़ कारोबारियों को डिजिटल लेन–देन के लिए सक्षम बनाया है।